Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- सिरोही में डॉ० लोन्गा मोहम्मद, ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी, रेवदर जिला सिरोही 50,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

जयपुर, दिनांक 18 दिसम्बर, गुरूवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चित्तौडगढ़ द्वारा आज सिरोही में कार्यवाही करते हुए **डॉ० लोन्गा मोहम्मद, ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी, रेवदर जिला सिरोही** को **50,000/– रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चित्तौडगढ़ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी, रेवदर, जिला सिरोही के ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी (बीसीएमओ) डॉ० लोन्गा मोहम्मद द्वारा परिवादी के मण्डार स्थित क्लिनिक को चौक नही करने एवं केस नही बनाने की एवज में 50,000/– रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी के उप **महानिरीक्षक पुलिस–प्रथम डॉ० रामेश्वर सिंह** के सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों चित्तौडगढ़ के **उप अधीक्षक पुलिस श्री हरिश्चन्द्र सिंह** के नेतृत्व में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी डॉ० लोन्गा मोहम्मद, ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी, रेवदर जिला सिरोही को परिवादी से 50,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उक्त रिश्वत राशि 50,000/– रूपये में से 20,000/– रूपये भारतीय मुद्रा के एवं शेष 30,000/– रूपये के डमी नोट भारतीय मनोरंजन बैंक के ग्रहण करते हुए को रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पुछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।